प्रिलिम्स फैक्ट्स : 09 जुलाई, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-09-july-2021

स्पर्श : सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा

स्पर्श : सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा

SPARSH: System for Pension Administration Raksha

हाल ही में **रक्षा मंत्रालय** ने **स्पर्श (System for Pension Administration Raksha- SPARSH)** नामक एक एकीकृत प्रणाली लागू की है।

प्रमुख बिंदु

प्रणाली के विषय में:

- यह **रक्षा पेंशन की मंज़ूरी और वितरण के स्वचालन हेतु एक एकीकृत प्रणाली** है।
- यह **वेब आधारित प्रणाली** पेंशन दावों को आगे बढ़ाती है और किसी बाहरी मध्यस्थ पर निर्भर हुए बिना सीधे रक्षा पेंशनभोगियों के बैंक खातों में उनकी पेंशन जमा करती है।
- पेंशनभोगियों के लिये एक **पेंशनभोगी पोर्टल** उपलब्ध है जिसके माध्यम से पेंशनभोगी अपनी **पेंशन संबंधी जानकारी** प्राप्त कर सकते हैं, सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं और अपनी शिकायत (यदि हो) तो दर्ज करा सकते हैं।
- स्पर्श (SPARSH) ने उन पेंशनभोगियों को **अंतिम छोर से कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये सेवा केंद्रों की स्थापना** की परिकल्पना की है जो किसी भी कारण से सीधे स्पर्श पोर्टल तक पहुँचने में असमर्थ हों।
    - रक्षा पेंशनभोगियों से संबंधित दो सबसे बड़े बैंकों-भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और पंजाब नेशनल बैंक (PNB) को साझा तौर पर सेवा केंद्र के रूप में चुना गया है।

रक्षा पेंशन से संबंधित अन्य पहल:

- **वन रैंक वन पेंशन (OROP) योजना:** इसके तहत सेवानिवृत्त होने की तारीख से इतर **समान सेवा अवधि और समान रैंक पर सेवानिवृत्त हो रहे सशस्त्र सैन्यकर्मियों को एक समान पेंशन** दिये जाने का प्रावधान किया गया है।